दैनिक भास्कर
CHANDIGARH

City Life

dainikbhaskar.com
SATURDAY, 22 FEBRUARY, 2014

Beautiful Life
हर दशक का फेवरेट प्रिंट पोलका डॉट
page 3

द ग्रेट एक्सचेंज
जो ज़बरदस्त डिस्काउन्ट दिलाए, पुराना कैसे कहलाए!
30
250
4000
कबाड़ है
08287101010
BIG BAZAAR
नये इंडिया का बाजार

जिरकपुर : पारस डाउन टाउन स्क्वायर माल, चंडीगढ़-अम्बाला हाईवे। फोन : 01762-525959, चंडीगढ़: एलांटे माल, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1 फोन : 0172-5214455

TODAY'S EVENT

आर्ट अटैक

आर्ट एग्जिबीशन

'द सोल ऑफ सेक्टर' में लगी 51 पेंटिंग्स में सेक्टर की खूबसूरती और अतीत की विविधता का समावेश बखूबी नजर आता है।

कहां- [illegible] आर्ट गैलरी, पंजाब कला भवन सेक्टर 16
कब- सुबह 11 से शाम 7 बजे

लग गया क्राफ्ट बाजार

अगर आप बैग्स और शॉल के शौकीन हैं या अपने घर की सजावट चाहते हैं, तो पहुंचें सेक्टर 34 में लगे नॉर्थ ईस्ट क्राफ्ट बाजार में। यहां नॉर्थ ईस्ट के 8 राज्यों का क्राफ्ट और हैंडलूम उपलब्ध है।

कहां- एग्जिबीशन ग्राउंड, सेक्टर 34
कब- सुबह 11 से रात 8 बजे

विंटर शॉपिंग

लेटर्स टू स्प्रिंग

गुजरात, राजस्थान, पंजाब के छह आर्टिस्ट्स ने पार्टिसिपेट किया है। कला पर बनाई 22 पेंटिंग्स यहां डिस्प्ले की गई है।

कहां- होटल [illegible], सेक्टर 22
कब- सुबह 11 से शाम 8 बजे

फीडबैक प्लीज़

अपने सुझाव, खबर या कार्यक्रम के लिए मेल करें - citylife@dainikbhaskargroup.com पर या कॉल करें - 0172-3098884 पर

ड्रीम बिग नेवर गिव अप

आई ब्रैंड्स कंपनी की चेयरमैन लिसा चंडीगढ़ पहुंची कंपनी का फ्यूचर डिस्कस करने

BUSINESS WOMAN

• गौरव भाटिया चंडीगढ़

लिकर हमेशा से ही मेन्स वर्ल्ड कहा जाता रहा है। लेकिन इसमें एक वुमन एंटरप्रेन्योर ने न सिर्फ एंट्री की है बल्कि अपनी मौजूदगी पूरे दम-खम के साथ दर्ज कराई है। हम बात कर रहे हैं आई ब्रैंड्स कंपनी की चेयरमैन लिसा [illegible] का। लिसा पैदा यूके में हुई लेकिन दिल हमेशा पंजाबी रहा क्योंकि पेरेंट्स पटियाला व जालंधर से थे। चंडीगढ़ आना लगा रहता था क्योंकि उनकी नानी यहां रहती हैं। स्कूल [illegible] में यहां आना-जाना लगा रहा और आज उनके बिजनेस को भी इसी जमीन से स्टार्ट मिला है। उन्होंने लिकर बिजनेस का सेटअप हैदराबाद में रखा है। फैमिली और इस तरह के [illegible] प्रोफेशन को बैलेंस करना उनके लिए एक रोलर कोस्टर राइड से कम नहीं रहा। इंडियन मेड फॉरेन लिकर (आईएमएफएल) में आने वाली भारत की पहली वुमन एंटरप्रेन्योर लिसा अपने फ्यूचर प्लान्स शेयर करने के लिए चंडीगढ़ में थीं।

फैमिली लेवल पर एडजस्टमेंट जरूरी लिसा ने कहा फैमिली प्रोफेशन से पहले है। लेकिन कई बार एडजस्ट करना पड़ता है। आज मैं आपसे बात कर रही हूं लेकिन मेरे बेटे के स्कूल में एनुअल फंक्शन है। मैं उसे मिस कर रही हूं। फैमिली सपोर्ट न होती तो मैं कभी यह मुकाम हासिल नहीं कर सकती थी। लिकर के फील्ड में इतने बड़े-बड़े प्लेयर्स हैं। उनका मुकाबला आसान नहीं था लेकिन 'आई लव द थिंग्स दोज आर नॉट 'पॉसिबल''।

लोगों ने नहीं लिया सीरियसली: बिजनेस के शुरुआती दिनों में जब मैं लोगों से मिलती थी तो मुझे कोई सीरियसली नहीं लेता था। हर कोई यही समझता था कि मैं इस बिजनेस में ज्यादा समय तक टिक नहीं पाऊंगी। ऐसे में लोग मेरी बात को सुनकर भी अनसुना कर देते थे। दिल्ली के एक व्यक्ति ने मुझे विश्वास दिलाया कि नॉर्थ इंडिया में मेरी कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर बनेंगे। 10 लाख रुपए का चेक दिया और वह भी बाउंस हो गया। उनके आगे खुद को पुश करना एक 'अंपॉसिबल टास्क' रहा लेकिन मुझे खुशी है कि जो लोग मुझे क्रिटिसाइज करते थे वह आज मेरी [illegible] करते नहीं थकते।

टॉप 5 कंपनियों में शामिल होना है

'ऑलवेज ड्रीम बिग एंड नेवर गिव अप' यही सक्सेस मंत्र रहा है लिसा का। बताती हैं- मैंने स्क्रैच से कंपनी शुरू की और वर्ष 2014-15 के फाइनेंशियल ईयर में मेरा टारगेट 30 करोड़ टर्नओवर का है। मैं इंडिया की नंबर 1 कंपनी बनाना चाहती हूं। इससे पहले अगले पांच सालों में अपनी कंपनी का नाम टॉप 5 कंपनियों की लिस्ट में लाना भी मेरा सपना है।

पेंटर बनने का था सपना

लिसा ने कहा कि बचपन से ही पेंटर बनने का सपना देखा लेकिन ग्रेजुएशन करने के बाद शादी हुई और यूके से बैंगलोर शिफ्ट हो गई। पति का मार्केटिंग का इंपोर्ट एक्सपोर्ट का बिजनेस रहा लेकिन मैं अपनी पहचान खुद बनाना चाहती थी। मेरे पिता का यूके में लिकर बिजनेस है तो वर्ष 2003 में सोचा कि भारत में इंटरनेशनल ब्रैंड्स की कमी है। फिर मैंने सोचा कि क्यों न पिता की कंपनी का ब्रांड यहां बेचना शुरू कर दूं। मार्केट स्टडी की तो पाया कि भारत में लोगों का अलग टेस्ट है और [illegible] यूके के ब्रांड्स लेकिन [illegible] की चीजें चाहिए। एक्सपर्ट्स की सपोर्ट रही और वर्ष 2010 में हैदराबाद में अपना प्लांट लगाया। अब बस [illegible] आगे बढ़ते जाने की।

पैन इंडिया जाने के फ्यूचर प्लान्स

उत्तराखंड, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, असम, पॉन्डिचेरी, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में अपने ब्रैंड को लॉन्च करने के बाद लिसा के फ्यूचर प्लान्स पैन इंडिया जाने के हैं। जल्द ही वे दिल्ली, राजस्थान, दमन एंड दीव, त्रिपुरा, मेघालय, आंध्र प्रदेश में अपनी कंपनी के ब्रैंड को लॉन्च करने जा रही हैं। मई तक वह अपने ब्रांड की एक नई व्हिस्की भी लॉन्च कर देंगी।

पंजाब से शायद मेरी रूह का कोई रिश्ता है...

DIRECTOR'S CUT

शुक्रवार को रिलीज हुई इम्तियाज अली की फिल्म हाईवे। उनकी हर फिल्म की तरह इसमें भी क्यों दिखता है पंजाब.. हमने जाना उनसे बातचीत में ...

• सिटी रिपोर्टर चंडीगढ़

लोग अक्सर उन्हें पंजाबी समझते हैं। उनकी फिल्मों में पंजाब अचानक चला आता है। और ये सब पहले से प्लान नहीं होता बल्कि अचानक होता चला जाता है। इम्तियाज कहते हैं-शायद मेरी रूह से पंजाब का कोई रिश्ता है, कुछ न कुछ लेना-देना है तभी ऐसा होता है। फिल्म मेकर इम्तियाज अली का नाता दरभंगा और जमशेदपुर से है लेकिन उनकी फिल्मों में पंजाब जीता-जागता दिखता है। फरवरी 21 को रिलीज हुई उनकी ताजा फिल्म हाईवे में भी पंजाब खूबसूरत दिखता है। खासतौर पर सरहदी इलाके फिल्म में खासतौर पर दिख रहे हैं।

जब हम इम्तियाज के पंजाब कनेक्शन पर नजर डालते हैं तो हर फिल्म में उनके साथ नजर आते हैं पंजाब के [illegible] गीतकार इरशाद कामिल। फिल्म का जो गीत सबसे ज्यादा हिट हो रहा है उसका कोमल वर्जन पंजाब की ही नूरां सिस्टर्स से ए आर रहमान ने गवाया है। तो जादू इम्तियाज रचते हैं क्या वह उनके अकेले होने भर से है या फिर एक टीम के होने से जिसमें इरशाद कामिल, एआर रहमान और वे खुद हैं? इम्तियाज जवाब देते हैं-फिल्म एक टीम का ही काम है। एक तस्वीर जब पूरी होकर सबके सामने आती है तो उसमें सब सबकी मेहनत और कोशिश शामिल होती है। जब वी मेट में उनकी हीरोइन करीना भागती रहती है। लव आजकल और रॉक स्टार में भी ये भागमभाग लगी रहती है। और हाईवे तो पूरी तरह सड़क पर ही है। जिंदगी क्या सिर्फ भागते रहने का नाम है? वे कहते हैं-मंजिल को पा लेना तो संघर्ष का खात्मा हो जाना है। जब आप राह में हैं, दौड़ रहे हैं यही तो असली जिंदगी है। किसी चीज को पा लेना कई बार आपके दिल को भर देता है। फिर उसके बाद क्या ..? मैं दिल की इस लगातार चलते रहने, भागते रहने की जिद का कायल हूं। यूं भी किसी को या किसी मंजिल को पा लेना पूरा सच कभी नहीं होता। हम किसी को भी कभी पूरा पा ही नहीं सकते।

COLLEGE FEST

देव समाज कॉलेज फॉर वुमन सेक्टर 45 में इंटर कॉलेज बिजनेस फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगो डिजाइन, बैंकिंग क्विज और [illegible] जैसे कॉम्पिटिशन करवाए गए। फेस्ट के जरिए सोशल इश्यूज को उठाया गया जिसमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स, ग्लोबल वॉर्मिंग और अवेयरनेस शामिल रहे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. [illegible] ने कहा कि बिजनेस फेस्ट करवाने का मकसद स्टूडेंट्स में बिजनेस और कॉमर्स के प्रति रुचि को कायम रखना है।

ACTOR'S SPEAK

सेक्टर 17 और पीयू को नहीं भूल सकता

आर राजकुमार में शानदार रोल के बाद एक्टर सोनू सूद बता रहे हैं अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में..

• सिटी रिपोर्टर चंडीगढ़

पंजाब के मोगा के सोनू सूद अपनी मेहनत से बॉलीवुड में एक मुकाम तक पहुंचे हैं। हाल ही में विलेन के रूप में वे नजर आए आर राजकुमार फिल्म में। क्या है आगे के प्लान? उन्होंने हमसे शेयर किया कि वे जल्द ही इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों हैप्पी न्यू ईयर और इट्स एंटरटेनमेंट में नजर आएंगे। हैप्पी न्यू ईयर में वे शाहरुख खान के साथ और इट्स एंटरटेनमेंट में अक्षय कुमार के साथ काम कर रहे हैं। सलमान और शाहरुख में से किसके साथ काम का अनुभव अच्छा रहा? सोनू कहते हैं- दोनों मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमने सुना है कि आपको गेमिंग में बहुत इंटरेस्ट है? इस बात पर वे हंसते हुए कहते हैं, बिलकुल गेम खेलना अच्छा लगता है। लेकिन इसका क्रेडिट शाहरुख खान को जाता है। अक्सर जब भी हम हैप्पी न्यू ईयर के सेट पर फ्री होते थे तो शाहरुख के साथ बैठकर प्ले स्टेशन खेलते हैं। शाहरुख ने मुझे फेवरेट प्ले स्टेशन गेम भी गिफ्ट किया है। आप इंडस्ट्री में कैसे आए और किसने आपको इसका सपोर्ट किया? इंडस्ट्री में आना मेरा सपना था और इस सपने को पूरा करने में मेरी मां ने मुझे बहुत हेल्प की थी। मेरी मां मुझे लैटर्स लिख कर मोटिवेट करती थीं। उनकी दुआओं का ही असर है कि आज मैं सफल हुआ हूं।

चंडीगढ़ से जुड़ी यादें

सोनू ने बताया कि मेरी चंडीगढ़ से बहुत सी यादें जुड़ी हैं। जब भी मुझे वक्त मिलता था तो मैं अपने दोस्तों के साथ सुखना लेक, सेक्टर-17 और पंजाब यूनिवर्सिटी में घूमने जाता था। अगर पंजाबी गीतों की बात करूं तो पंजाबी विरासत होने के साथ-साथ इससे अपनी मिट्टी की खुशबू से जुड़े होने का एहसास भी होता है।

Hurry ! Offers Valid Till 28th February'14
kids sweaters
ladies woollen suit
Rs. 399/-
Rs. 375/-
Amartex
COMPARE SAVE SMILE
the big difference is the price!
ladies jackets
kids jackets
mens jackets
Rs. 719/-
Rs. 315/-
Rs. 875/-
HOME FURNISHING | SUITING & SHIRTING | GROCERY | FOOTWEAR | SUITS & DUPATTAS | GARMENTS | TOYS | HOUSEHOLD | LUGGAGE
Amartex SHOPPERS WORLD
खुशियों का खज़ाना

Panchkula: Plot No-315, Industrial Area, Phase-1, Ph.: 0172-2577406
Mohali: B-35, Industrial Area, Phase 3, Ph.: 0172-5094542
Chandigarh: SCO 18-19, Sector 90, Ph.: 0172-5045542
Email : channelpartners@amartex.com, chiefcoordinator@amartex.com

RENOVATION CLEARANCE SALE
FLAT 50% OFF
Sunday Open
ON DESIGNER SAREES, SUITS & SHAWLS
Special Attraction: EMBROIDERED SUITS FOR ₹ 350 & ₹ 550 only
Gents Suit length for ₹1850
(RAYMONDS, SIYARAM'S & GRASIM)
ALSO AVAILABLE SUITS, SAREES & LEHENGAS AT WHOLESALE PRICE
PRINCE TEXTILES
SCO: 37, Sector 23C, Chandigarh. Ph.: 0172-2721005